व्यास सम्मान से सम्मानित व्यक्तियों के नाम एवं वर्ष की सूची (1991 से 2018 तक)

व्यास सम्मान किसे कहते है?

व्यास सम्मान भारतीय साहित्य में किये गये योगदान के लिए दिया जाने वाला ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद दूसरा सबसे बड़ा **साहित्य सम्मान**है। इस पुरस्कार को 1991 में के. के. बिड़ला फाउंडेशन ने प्रारंभ किया था। पहला व्यास सम्मान वर्ष 1991 में रामविलास शर्मा की कृति 'भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिन्दी' के लिए दिया गया था।

पुरस्कार का वर्ग	साहित्य
स्थापना वर्ष	1991
पुरस्कार राशि	3.50 लाख रुपये
प्रथम विजेता	रामविलास शर्मा (1991)
आखिरी विजेता	ममता कालिया (2017)
विवरण	ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत में दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्य सम्मान

व्यास सम्मान 2017:

हिन्दी भाषा की मशहूर साहित्यकार ममता कालिया को उनके उपन्यास दुक्खम – सुक्खम के लिए 08 दिसम्बर 2017 को 27वें व्यास सम्मान 2017 के लिए चुना गया है। उनका यह उपन्यास वर्ष 2009 में प्रकाशित हुआ था। हिन्दी के मशहूर लेखक सुरेंद्र वर्मा को वर्ष 2010 में उनके प्रकाशित उपन्यास "काटना शमी का वृक्ष: पद्मपखुरी की धार से" के लिए वर्ष 2016 के व्यास सम्मान से सम्मानित किया गया था।

व्यास सम्मान में दी जाने वाली पुरस्कार राशि:

के. के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा व्यास सम्मान के तहत साढे तीन लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता हैं।

व्यास सम्मान की विशेषताएं और महत्वपूर्ण तथ्य:

- यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष पिछले 10 वर्षों के भीतर प्रकाशित हिन्दी की कोई भी साहित्यिक कृति को दिया जाता है।
- समिति की राय में यदि किसी वर्ष कोई भी कृति व्यास सम्मान के लिए अपेक्षित स्तर की न हो तो उस वर्ष पुरस्कार न देने का भी प्रावधान है।
- व्यास सम्मान के नियमों के अनुसार कृति साहित्य की किसी विधा में हो सकती है। सृजनात्मक साहित्य के अतिरिक्त अन्य विधाओं जैसे- आत्मकथा, ललित निबंध, समीक्षा व आलोचना, साहित्य और भाषा का इतिहास आदि **पुस्तकों** पर भी विचार किया जाता है।
- व्यास सम्मान की विशिष्टता यह है कि इसे साहित्यकार को केंद्र में न रखकर साहित्यिक कृति को दिया जाता है।
- सम्मान मरणोपरांत नहीं दिया जाता, लेकिन चयन समिति में विचार-विमर्श आरम्भ हो जाने के बाद यदि प्रस्तावित कृति के लेखक की मृत्यु होने पर कृति पर विचार किया जा सकता है।
- भविष्य में सम्मानित **लेखक** की किसी अन्य कृति पर विचार नहीं किया जाता है।

वर्ष 1991 से अब तक व्यास सम्मान विजेताओं की सूची:

वर्ष	**साहित्यकार का नाम**	**कृति/उपन्यास/काव्य**
2017	ममता कालिया	‘दुक्खम – सुक्खम (उपन्यास)
2016	सुरेंद्र वर्मा	काटना शमी का वृक्ष: पद्मपखुरी की धार से (उपन्यास)
2015	डॉ. सुनीता जैन	क्षमा (काव्य संग्रह)
2014	कमल किशोर गोयनका	प्रेमचंद की कहानियों का काल-क्रमानुसार अध्ययन
2013	विश्वनाथ त्रिपाठी	व्योमकेश दरवेश (संस्मरण)
2012	नरेन्द्र कोहली	न भूतो न भविष्यति (उपन्यास)
2011	रामदरश मिश्र	आम के पत्ते (काव्य संग्रह)
2010	विश्वनाथ प्रसाद तिवारी	फिर भी कुछ रह जायेंगे
2009	अमरकांत	इन्हीं हथियारों से
2008	मन्नू भंडारी	एक कहानी यह भी (आत्मकथा)
2007	–	–
2006	परमानंद श्रीवास्तव	कविता का अर्थात
2005	चंद्रकांता	कथा सतिसार (उपन्यास)
2004	मृदुला गर्ग	कठगुलाब (उपन्यास)
2003	चित्रा मुद्गल	आवां (उपन्यास)

2002	कैलाश वाजपेयी	पृथ्वी का कृष्णपक्ष (प्रबंध काव्य)
2001	रमेश चंद्र शाह	आलोचना का पक्ष
2000	गिरिराज किशोर	पहला गिरमिटिया (उपन्यास)
1999	श्रीलाल शुक्ल	बिसरामपुर का संत (उपन्यास)
1998	गोविन्द मिश्र	पाँच आँगनों वाला घर (उपन्यास)
1997	केदारनाथ सिंह	उत्तर कबीर तथा अन्य कविताएँ
1996	प्रो. राम स्वरूप चतुर्वेदी	हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास
1995	कुँवर नारायण	कोई दूसरा नहीं (काव्य संग्रह)
1994	धर्मवीर भारती	सपना अभी भी (काव्य संग्रह)
1993	गिरिजाकुमार माथुर	मैं वक़्त के हूँ सामने (काव्य संग्रह)
1992	डॉ. शिव प्रसाद सिंह	नीला चाँद (उपन्यास)
1991	रामविलास शर्मा	भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिन्दी